वो जो खाटू में विराजे बाबा श्याम

वो जो खाटू में विराजे बाबा श्याम चलो जी पिया दर्श करें,
उनकी गोदी में मिले हैं आराम चलो जी पिया दरस करें..........

मस्तक पर मलयागिरी चंदन केसर तिलक लगायो,
मोर मुकुट कानों में कुंडल नैनन कजरा लगायो,
ओ इनकी मोहिनी छवि पे दिल थाम,
चलो जी पिया दरस करें...........

लीले चढ़कर आयो रे सांवरा तीन बाण को धारी,
बदल बदल कर बागो पहने देखें सब नर नारी,
इनके झाड़े से बने हैं सब काम चलो जी पिया दरस करें...........

बागा से कलियां चुन चुन कर सुंदर हार बनायओ,
सवा रुपया एक नारियल बाबा को है चढ़ा,
मैं तो पैदल चल कर आई खाटू धाम,
चलो जी पिया दरस करें.........

हर ग्यारस पर चाहूं बाबा मैं तो खाटू आना,
मीठे मीठे भजन सुना कर चाहूं तुझे रिझाना,
रेखा पुलकित भी करे है मनोहर,
चलो जी पिया दरस करें...........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21339/title/vo-jo-khatu-me-viraje-baba-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |